अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 14 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2082

**PAGE NO :20 BOTTOM**

# देहदान का संकल्प लेने वाले 21 महादानियों का किया सम्मान



**बरेली (वि.)।** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में देहदान का संकल्प लेने वाले 21 महादानियों को सम्मान से नवाजा गया। देह से दिव्यता कार्यक्रम में एमबीबीएस बैच 2025 के विद्यार्थियों ने एनाटॉमी विभाग में कैडेवरिक शपथ ली। संस्थान चेयरमैन देव मूर्ति ने सभी महादानियों को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न, सर्टिफिकेट प्रदान किया। कहा कि 87 महर्षि दधीचि अब तक एसआरएमएस में अपनी देहदान कर चुके हैं, जबकि 80 महादानियों ने इसके लिए शपथपत्र दिया है। देहदान का संकल्प लेना और परिजनों की ओर से देह मेडिकल कॉलेज को सौंपना हिम्मत का काम है। ट्रस्ट के सलाहकार जनकपुरी निवासी इंजीनियर सुभाष मेहरा की बहन कुमारी चंचल मल्होत्रा का देहांत 17 जुलाई को हुआ था। उनकी अंतिम इच्छापूर्ति के लिए सुभाष मेहरा ने उनका शव मेडिकल कॉलेज में बच्चों की पढ़ाई के लिए दान किया है।